दिनांक 25 फरवरी 2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

होली पर्व के लिए हर्बल रंगीन गुलाल हो रहा तैयार, अन्य जिलों से भी मिल रहे ऑर्डर, क्वालिटी ऐसी कि नहीं होगा चेहरे को कोई नुकसान, भिलाई के शहरी गौठान में महिला महिलाएं जुटी इस कार्य में

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान में हर्बल युक्त गुलाल तैयार किया जा रहा है। होली पर्व को देखते हुए महिलाएं इस कार्य में जुट गई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार करने का काम प्रारंभ कर दिया है। हर्बल गुलाल के लिए डिमांड भी अन्य जिलों से आ चुके हैं जिसके तहत रायपुर से हर्बल गुलाल की बुकिंग हो चुकी है इसके अलावा नगपुरा एवं रिसाली क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से भी आर्डर प्राप्त हो चुके हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के गौठान में अलग-अलग गतिविधियां अपनाई जा रही है, जिसके तहत आगामी होली पर्व को देखते हुए गुलाल बनाने का काम महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। प्राकृतिक फूल जैसे गेंदा , गुलाब, सेवंती तथा सब्जी जैसे कि पालक, धनिया, चुकंदर ऐसे प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। प्राप्त डिमांड के मुताबिक 15 किलो का गुलाल तैयार हो चुका है और होली त्यौहार के मद्देनजर 200 से अधिक किलो की हर्बल गुलाल बनाने की तैयारी महिलाओं के द्वारा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक हर्बल गुलाल तैयार करने का लक्ष्य महिलाओं के द्वारा रखा गया है। एक पैकेट की कीमत भी कम रखी गई है। जो कि मार्केट के मुकाबले में उचित दर पर उपलब्ध है। हर्बल गुलाल बिना कोई नुकसान पहुंचाए चेहरे के लिए उपयोगी होती है। महिलाओं ने बताया कि यह फेस पैक का भी काम करती है। सहायक परियोजना अधिकारी फणिंद्र बोस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गुलाल को शहरी गौठान से प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड को देखते हुए पहले ही इसके लिए बुकिंग कराना उचित होगा ताकि इस आधार पर महिलाएं उचित मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार कर सकें। हर्बल गुलाल की काफी मात्रा में मांग होती है। लोग दूर दराज से भी इसकी बुकिंग कराते हैं। प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल बनाने की तैयारियां होती है जिसको देखते हुए दिन-ब-दिन हर्बल गुलाल की डिमांड बढ़ते जा रही है।